<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2719

11 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए

विभिन्न कार्यों के संबंध में मध्य प्रदेश से प्राप्त प्रस्ताव

2719. श्रीमती सम्पतिया उइकेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान मंत्रालय को विभिन्न कार्यों के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के लम्बित होने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त प्रस्तावों के निपटारे हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय को विगत पाँच वर्षों में मध्य प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****